>

Title: Need to improve telephone and internet service in Palghar Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री बलीराम जाधव (पालघर):मेरे संसदीय क्षेत्र पालघर महाराष्ट्र में बी.एस.एन.एल. टावर या एक्सचेंज में सुविधाजनक यंत्र सामग्री न होने के कारण टेलीफोन तथा इंटरनेट की सुविधा बार बार बाधित हो जाती है जिसकी वजह से कालेजों में ऑनलाइन एडमिशन की सुविधा का फायदा आदिवासियों के बच्चे नहीं उठा पाते हैं। उन बच्चों को 70-80 किलोमीटर दूर आकर शहर में जाकर एडमिशन के फार्म भरने पड़ते हैं। घरों तथा दफ्तरों में टेलीफोन बंद पड़े रहते हैं परंतु किराया अवश्य हर महीने भरना पड़ता है। वसई, वाडा, मोरवाड, जव्हार, पाल घर, दहानु आदि इलाकों में बी.एस.एन.एल. का कार्य अत्यंत दयनीय अवस्था में है। यहां तक कि मेरे खुद का टेलीफोन एक साल में ज्यादा से ज्यादा 1 महीने ही काम करता है।

अतः इन कमियों को दूर करने के लिये जल्द से जल्द कार्यवाही की जाये जिससे वहां के रहने वालों के घरों, दफ्तरों तथा दुकानों आदि में टेलीफोन सही ढंग से कार्य कर सकें और लोगों की परेशानियों से बचाया जा सके।